जय राम कर लिया है

हम तो अपनी मस्ती में झूमते चले है,
जय राम कर लिया है रस्ते में जो मिले हैं....

चाहे हो कोई मौका खाएंगे नहीं धोखा,
श्री राम से मिला है वरदान ये अनोखा,
पत्थर हैं राम नाम के हम तैरते चले हैं,
जय राम कर लिया है रस्ते में जो मिले हैं.....

ऐलान कर दिया है दुनिया से हम निराले,
है शक किसी के दिल में तो आके आज़मा ले,
टकराने वाले हमसे मिटटी में सब ढले हैं,
जय राम कर लिया है रस्ते में जो मिले हैं......

हम राम के पुजारी बस राम को ही जाने,
भारत के बच्चे बच्चे श्री राम के दीवाने,
भूले ना कोई मोनी भारत में हम पले हैं,
जय राम कर लिया है रस्ते में जो मिले हैं.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29525/title/jai-ram-kar-liya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |